मुकुल माधव फाउंडेशन और गंगा प्रेम हॉस्पिस ने मिलाया हाथ

ऋषिकेश: 1999 में स्थापित पुणे स्थित एक एनजीओ मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) ने उत्तराखंड में गंगा प्रेम हॉस्पिस के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार में कैंसर रोगियों की पेलिएटिव केयर सुविधा के लिहाज से की गई है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और प्रमुख कर्मचारी उपस्थित थे। एके दीवान, गंगा प्रेम हॉस्पिस के चिकित्सा निदेशक, डॉ. रूपाली दीवान, एमडी, श्रद्धा कैंसर केयर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी, अरुण ओझा, महाप्रबंधक, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, पूजा डोगरा, चीफ ऑफ ऑपरेशंस (सीओओ) गंगा प्रेम हॉस्पिस, नानीमा, गंगा प्रेम हॉस्पिस की ट्रस्टी और आध्यात्मिक सलाहकार और अमृत राज, ऋषिकेश में आरोग्यधाम में एक पुरस्कार विजेता आयुर्वेद चिकित्सक और एमएमएफ के शुभचिंतक की मौजूदगी में पेलिएटिव केयर यूनिट वाहन औपचारिक रूप से सौंपा गया।